प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड, भोपाल
"चयन भवन" ,मेन रोड नं. 1, चिनार पार्क (ईस्ट), भोपाल 462011
फोन नं.— +91-755-2578801-02-03-04, Fax: +91-755-2550498,
E-mail: vyapam@mp.nic.in, website: www.peb.mp.gov.in

## पुलिस मुख्यालय, गृह (पुलिस) विभाग, मध्यप्रदेश शासन के आरक्षक संवर्ग की भर्ती हेतु चयन परीक्षा-2020

### परीक्षा संचालन एवं भर्ती नियम पुस्तिका

ऑनलाईन आवेदन-पत्र

| | | | |
|---|---|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन भरने की प्रारम्भ तिथि | 16/01/2021 | ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि | 11/02/2021 |
| ऑनलाइन आवेदन मे संशोधन करने की प्रारम्भ तिथि | 16/01/2021 | ऑनलाइन आवेदन में संशोधन करने की अंतिम तिथि | 15/02/2021 |
| परीक्षा दिनांक व दिन | | 06 अप्रैल 2021 से प्रारम्भ | |

| पी.ई.बी. परीक्षा शुल्क (अ) | | | विभागीय शुल्क (ब) | कुल (अ+ब) |
|---|---|---|---|---|
| अनारक्षित अभ्यर्थियों के लिये | दो प्रश्न पत्र के लिये | रु. 700/- | रु. 100/- | रु. 800/- |
| | एक प्रश्न पत्र के लिये | रु. 500/- | रु. 100/- | रु. 600/- |
| अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछडा वर्ग के लिये ( केवल म.प्र. के मूल निवासियो के लिये ) | दो प्रश्न पत्र के लिये | रु. 350/- | रु. 50/- | रु. 400/- |
| | एक प्रश्न पत्र के लिये | रु. 250/- | रु. 50/- | रु. 300/- |

ऑनलाईन आवेदन - कियोस्क के माध्यम से आनलाईन भरने वाले अभ्यर्थियों हेतु एम.पी.आनलाइन का पोर्टल शुल्क रूपये 60/- देय होगा इसके अतिरिक्त रस्टिर्ड सिटीजन यूजर के माध्यम से लागिन कर फार्म भरने पर पोर्टल शुल्क 20/- रु. देय होगा ।

नोट:- म.प्र. शासन, गृह विभाग के आदेश क्रमांक 922/917/2020/बी-3/दो, भोपाल दिनांक 04/12/2020 के अनुसार पुलिस विभाग स्तर पर विभागीय कार्यवाही हेतु "विभागीय शुल्क(ब)" बोर्ड द्वारा प्राप्त किया जाकर इस राशि को राज्य शासन के प्राप्ति शीर्ष में जमा किये जाने की विभाग के पत्र क्र पु.मु. /2/चयन/स-3/1896-सी/2020 दिनांक 24/12/2020 द्वारा सहमति प्रदान की गई है ।

आनलाईन परीक्षा पद्धति समय सारणी

| परीक्षा दिनांक एवं दिन | परीक्षा की पाली | अभ्यर्थियों के लिये रिपोर्टिंग समय | महत्वपूर्ण निर्देश पढने का समय | उत्तर अंकित का समय |
|---|---|---|---|---|
| 06 अप्रैल 2021 से प्रारम्भ | प्रथम | प्रात: 07:00 से 08:00 बजे तक | 08:50 से 09:00 बजे तक (10 मिनट) | प्रात: 09:00 से 11:00 बजे तक (2:00 घंटे) |
| | द्वितीय | अपरान्ह 01:00 से 02:00 बजे तक | 02:50 से 03:00 बजे तक (10 मिनट) | सायं 03:00 से 05:00 बजे तक (2:00 घंटे) |

टिप्पणी :

1. अभ्यर्थी का आधार पंजीयन अनिवार्य है ।
2. बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षाओं में मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के रूप में अभ्यर्थी मतदाता पहचान पत्र, पेनकार्ड, आधार कार्ड, ड्रायविंग लायसेंस, तथा पासपोर्ट में से कोई एक को चयनित कर सकता है। यु.आई.डी.ए.आई.(UIDAI) के द्वारा सत्यापित (Verify) होने पर ही ई आधार मान्य होगा । मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के अभाव में परीक्षार्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित किया जाएगा।
3. अभ्यर्थी को नियम पुस्तिका में विनिश्चित मूल परिचय पत्र के अतिरिक्त अपना आधार कार्ड / ई-आधार कार्ड / आधार कार्ड की छायाप्रति /आधार नंबर /आधार VID की जानकारी लाना अनिवार्य हैं । परीक्षा में प्रवेश के समय एवं परीक्षा के दौरान बहुस्तरीय बायोमेट्रिकसत्यापन अनिवार्य है ।
4. परीक्षा में प्रवेश के समय एवं परीक्षा के दौरान बहुस्तरीय बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य है ।
5. परीक्षार्थियों को परीक्षा में रिपोटिंग समय तक परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति होगी । इसके पश्चात विलम्ब से आने वाले अभ्यर्थियों को प्रवेश की पात्रता नहीं होगी ।
6. परीक्षा कक्ष में इलेक्ट्रानिक डिवाईस यथा मोबाईल फोन, केल्कुलेटर, लॉग टेबल्स, एवं नकल पर्चा आदि का उपयोग पूर्णत: वर्जित है।
7. ऑनलाईन आवेदन-पत्र क्रमांक के द्वारा ही ऑनलाईन परीक्षा हेतु अभ्यर्थी अपना प्रवेश-पत्र प्राप्त कर सकते हैं। अत: आवेदन-पत्र क्रमांक आवश्यक रूप से संभाल कर रखें, जिसकी समस्त जिम्मेदारी आवेदक की ही होगी।

8. परीक्षा केन्द्र पर आवेदक को काला बाल प्वाइंट पेन तथा परीक्षा हाल में प्रवेश हेतु मंडल की वेबसाइट से डाउनलोड किये गये प्रवेश-पत्र साथ लाना अनिवार्य है

9 किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात परीक्षा समाप्ति तक परीक्षा कक्ष छोडने की अनुमति नहीं होगी ।

10. आवेदन-पत्र भरते समय उम्मीदवारों के किसी भी प्रमाण पत्र का परीक्षण पी.ई.बी .द्वारा नहीं किया जाकर नियुक्ति प्रक्रिया के दौरान संबंधित विभाग द्वारा किया जाता है । अतः कम्प्युटर आधारित online परीक्षा मे उम्मीदवारो की पात्रता (Eligibility) पूर्णत प्रावधिक ( Provisional ) होगी ।

11. उपरोक्त सभी पदों के लिए अभ्यर्थियों का मध्यप्रदेश राज्य के रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य होगा ।

9. किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात परीक्षा समाप्ति तक परीक्षा कक्ष छोडने की अनुमति नहीं होगी ।

10. विभाग के पद पर भर्ती हेतु आदिम जनजाति (बैगा, सहारिया एवं भारिया) के अभ्यार्थयों को परीक्षा से छूट का प्रावधान नहीं रखा गया है. अभ्यर्थी अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थी के रूप में परीक्षा हेतु आनलाईन आवेदन करें। (ऐसी स्थिति में नियम पुस्तिका की बैगा,सहारिया एवं भारिया से संबंधित सभी कण्डिकायें विलोपित मान्य होगी । )

## 2.37 आवेदन पत्र भरने की समयावधि

| ऑनलाईन आवेदन पत्र | | | ऑनलाईन आवेदन में संशोधन | | |
|---|---|---|---|---|---|
| भरने की प्रारंभिक तिथि | भरने की अंतिम तिथि | भरने के कुल दिवस | करने की प्रारंभिक तिथि | करने की अंतिम तिथि | करने के कुल दिवस |
| 16/01/2021 | 11/02/2021 | 27 | 16/01/2021 | 15/02/2021 | 31 |

## 3.39 आनलाईन परीक्षा का विवरण

| स.क्र. | पाली | दिनांक | अवधि | समय | अधिकतम अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रथम | 06 अप्रैल 2021 से प्रारम्भ | 02 घंटे | प्रातः 09:00 से 11:00 तक | 100 |
| 2 | द्वितीय | | | दोपहर 03:00 से 05:00 तक | 100 |

परीक्षा में हिन्दी/अंग्रेजी माध्यम में वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न होंगे, जिनमें प्रत्येक प्रश्न के चार संभावित उत्तर/विकल्प दिये रहेंगे। परीक्षार्थी को सही उत्तर चुनकर उससे संबंधित गोले को कम्प्यूटर के माउस की सहायता से काला करना होगा।

## 2.38 (i) परीक्षा शुल्क :-

| पी.ई.बी. परीक्षा शुल्क (अ) | | | विभागीय शुल्क (ब) | कुल (अ+ब) |
|---|---|---|---|---|
| अनारक्षित अभ्यर्थियों के लिये | दो प्रश्न पत्र के लिये | रू. 700/- | रू. 100/- | रू. 800/- |
| | एक प्रश्न पत्र के लिये | रू. 500/- | रू. 100/- | रू. 600/- |
| अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के लिये ( केवल म.प्र. के मूल निवासियो के लिये ) | दो प्रश्न पत्र के लिये | रू. 350/- | रू. 50/- | रू. 400/- |
| | एक प्रश्न पत्र के लिये | रू. 250/- | रू. 50/- | रू. 300/- |

ऑनलाईन आवेदन - कियोस्क के माध्यम से आनलाईन भरने वाले अभ्यर्थियों हेतु एमपीआनलाईन का पोर्टल शुल्क रूपये 60/- देय होगा इसके अतिरिक्त रस्टिर्ड सिटीजन यूजर के माध्यम से लागिन कर फार्म भरने पर पोर्टल शुल्क 20/- रू. देय होगा।

### (ii) संशोधन किये जाने पर देय शुल्क

| स.क्र. | प्रश्नपत्रों की संख्या | आवेदन पत्र में प्रत्येकवार संशोधन किये जाने पर शुल्क | आवेदन पत्र में प्रत्येकवार संशोधन किये जाने पर पोर्टल शुल्क |
|---|---|---|---|
| 01. | एक | 20/- | 40/- |

## 2.39 परीक्षा शहर :-

आनलाईन लिखित परीक्षा निम्नलिखित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी। बोर्ड अपनी सुविधानुसार परीक्षा शहरो/केन्द्रों में परिवर्तन, कमी या वृद्धि कर सकता है। परीक्षा आनलाईन पद्वति से आयोजित है अतः परीक्षा शहर एवं परीक्षा केन्द्रो की उपलब्धता के अनुरूप अभ्यर्थियों को भी वांछित परीक्षा शहर के स्थान पर अन्य परीक्षा शहर आवंटित किया जा सकता है।

| आनलाईन परीक्षा केन्द्र | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. भोपाल | 2. इन्दौर | 3. जबलपुर | 4. ग्वालियर | 5. उज्जैन | 6. नीमच |
| 7. रतलाम | 8. मदसौर | 9. सागर | 10. सतना | 11. खडवा | 12. गुना |
| 13. दमोह | 14. सीधी | 15. छिंदवाड़ा | 16. बालाघाट | | |